बिहार उद्योग विभाग ने पहली बार औद्योगिक विकास की रैंकिंग जारी की

चर्चा में क्यों?

13 दिसंबर, 2022 को बिहार उद्योग विभाग के प्रधान सचिव संदीप पौंडरीक ने बताया कि राज्य उद्योग विभाग ने पहली बार औद्योगिक विकास की रैंकिंग जारी की है, जिसमें औद्योगिक योजनाओं के क्रियान्वयन के आधार पर ज़िलों को रैंकिंग प्रदान की गई है।

प्रमुख बिंदु

- राज्य में औद्योगिक विकास की इस रैंकिंग में सिवान (73.5 अंक) पहले और पटना (68 अंक) दूसरे स्थान पर है।
- इसके अलावा मुंगेर, शेखपुरा, सहरसा, किशनगंज, बक्सर, बेगूसराय, नालंदा और कैमूर ज़िलों को भी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिये प्रथम 10 ज़िलों में रखा गया है। अंतिम पायदान पर रहने वाले पाँच ज़िलों में बांका, सुपौल, गया, मधेपुरा और कटिहार शामिल हैं।
- संदीप पौंडरीक ने बताया कि ज़िलों की रैंकिंग में मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, बिहार स्टार्टअप, बैंकों और उद्यमियों के साथ संवाद, एमएसएमइ योजना, पीएमएफएम ई-योजना, पीएमइजीपी योजना आदि के क्रियान्वयन में ज़िलों द्वारा किये गए प्रयासों के आधार पर ज़िलावार रैंकिंग तैयार की गई है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bihar-industries-department-released-the-ranking-of-industrial-development-for-the-first-time